प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 14.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम सात बजे राष्ट्र को करेंगी संबोधित, स्वाधीनता दिवस को लेकर झारखंड में सुरक्षा के कड़े प्रबंध, यातायात व्यवस्था में भी बदलाव।
- केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने विशिष्ट सेवा के लिए पदक प्राप्त करने वालों की सूची जारी की, पुलिस, फायर ब्रिगेड, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के एक हजार नब्बे कर्मियों को किया जायेगा सम्मानित।
- राष्ट्रव्यापी हर घर तिंरगा अभियान को लेकर राज्यभर में उत्साह, जगह–जगह तिरंगा यात्रा निकाल कर दिया जा रहा है देशभक्ति का संदेश।
- हजारीबाग जिले के बड़कागांव में एनटीपीसी के मुआवजा शिविर के दौरान हुई झड़प के बाद फिर तनाव बढ़ा, पुलिस कार्रवाई के खिलाफ ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव।
- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आज पूरा राष्ट्र विभाजन का दंश झेलने वालों को कर रहा है याद, झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष ने साझा की अकल्पनीय पीड़ा की कहानी।

*************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। इस कारण आकाशवाणी रांची से शाम सात बजे प्रसारित होने वाला सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण छह बजकर 45 मिनट पर ही होगा। कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का शाम सात बजे जनता के नाम संबोधन होगा। इस वजह से कल भी सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण छह बजकर 45 मिनट पर ही होगा।

*************************

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कुल 1090 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक के लिए चुना गया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आज विशिष्ट सेवा के लिए पदक प्राप्त करने वालों की सूची जारी की। इन सभी को कल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अवॉर्ड दिया जाएगा। इस बार 233 को वीरता पदक, 99 को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 758 को सराहनीय सेवा के लिए पदक प्रदान किए जायेंगे।

*************************

राज्य सरकार ने कल होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोहों से पहले सुरक्षा बढ़ा दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कल सुबह नौ बजे रांची के मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। राज्य के अन्य मंत्री विभिन्न जिलों में ध्वजारोहण करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर में कल सुबह 6 से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

*************************

राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में खूंटी जिले में स्कूली विद्यार्थियों ने आज तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। उधर, सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला की एनएसएस ईकाई ने भी तिरंगा रैली निकाल कर देश की एकता और अखंडता पर बल दिया। पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी जिला प्रशासन ने तिरंगा यात्रा निकाली। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं के अलावा इस यात्रा में बड़ी संख्या में आम नागरिक भी शामिल हुए। यात्रा के समापन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा निकालने का उद्देश्य सिर्फ इसे फहराना नहीं है बल्कि इसे दिलों में उतारना है।

**************************

गोड्डा में पुलिस द्वारा मुठभेड़ में मारे गए सूर्या हांसदा की मौत के बाद विपक्षी पार्टियों के नेता सरकार और प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने सूर्या हांसदा के एनकाउंटर को फर्जी बताया है।

**************************

हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। बीती रात बड़कागांव पुलिस ने हरली और बादाम इलाकों से कुछ लोगों को गिरफ्तार किया, जिसके बाद आज सुबह सैकड़ों आक्रोशित ग्रामीणों ने बड़कागांव थाने का घेराव कर दिया। थाने के सामने ही मुख्य सड़क पर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया, जिससे छोटे–बड़े सभी वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। हालात को देखते हुए पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई है।

**************************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।


**************************

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस दिवस पर 1947 में भारत के विभाजन के दौरान लोगों के पीड़ा और कष्टों को याद किया जाता है। इस दिन राष्ट्र उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है जिन्होंने 1947 में विभाजन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी और अकल्पनीय पीड़ा झेली। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह दिन हमारे इतिहास के उस दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों द्वारा झेले गए उथल–पुथल और दर्द की याद दिलाता है।

**************************

इस बीच, विभाजन को बेहद करीब से देखने वाले झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने विभाजन की अकल्पनीय पीड़ा की कहानी साझा करते हुए कहा कि पाकिस्तान से भारत आने के दौरान उन्हें और उनके परिवार को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

************************

भारतीय बेंचमार्क सूचकांक, सेंसेक्स, दोपहर के कारोबारी सत्र में 120 अंक बढ़कर 80 हजार 660 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 25 अंक बढ़कर 24 हजार 645 पर पहुंच गया।

************************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार 9 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 21 हजार रुपये प्रति किलो है।

************************

राज्य में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार आज राज्य के कई इलाकों में गरज, तेज हवा और वज्रपात की संभावना है। कुछ जगहों पर आंधी चलेगी, जिसकी रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

************************

फाइलेरिया जैसी दीर्घकालिक और दिव्यांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हजारीबाग स्थित कर्जन स्टेडियम में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने फाइलेरिया रोधी दवाएं खाकर किया। हजारीबाग के सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि जागरुकता ही फाइलेरिया से बचाव का उपाय है।

************************

हॉकी इंडिया ने आज भारतीय हॉकी के स्वर्णिम युग के करिश्माई मिडफ़ील्डर डॉ. वेस पेस के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया। वह 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के हिस्सा थे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि खेल और खेल विज्ञान में उनकी उपलब्धियों को हमेशा याद रखा जाएगा और उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी।

************************